प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा सांसद अरुण सिंह ने कहा– 2026–27 में झारखंड को टैक्स डीवैल्युएशन मद से मिलेंगे 51 हजार करोड़ रुपए, राज्य सरकार पारदर्शी तरीके से इस राशि का करे इस्तेमाल ।
- नगर निकाय चुनाव को लेकर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी, भाजपा में मेयर पद के लिए पार्टी समर्थित नौ प्रत्याशियों के नामों पर बनी सहमति, कांग्रेस– झामुमो में भी हो रहा मंथन।
- जेपीएससी की दूसरी सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की जांच हुई तेज, 28 अधिकारियों से घोषित संपत्ति का मांगा गया विस्तृत ब्यौरा।
- जैक की मैट्रिक बोर्ड और इंटरमीडिएट परीक्षा आज से हो रही शुरू, साढ़े सात लाख विद्यार्थियों के लिए बनाए गए हैं लगभग 2 हजार परीक्षा केन्द्र, सुरक्षा के भी किए गए पुख्ता इंतजाम।
- रणजी ट्रॉफी के नॉक आउट मुकाबलों का शेड्यूल जारी, क्वार्टर फाइनल में झारखंड का उत्तराखंड से होगा सामना, जमशेदपुर में 6 फरवरी से खेला जाएगा मैच।

**********************

'भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद अरुण सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026 – 27 में झारखंड को टैक्स डिवोल्यूशन के माध्यम से 51 हजार 236 करोड़ रूपये मिलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के साथ विकसित झारखंड के लिए यह राशि मिल रही है। ऐसे में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ झारखंड के विकास में इस राशि का इस्तेमाल करे।

**********************

राज्य में नगर निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है । ऐसे में राजनीतिक सरगर्मी अब तेज हो चुकी है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारियो की बैठक में नौ नगर निगमों में महापौर पद के उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बनी। इसके तहत रांची से रोशनी खलखो, हजारीबाग से सुदेश चंद्रवंशी, धनबाद से संजीव अग्रवाल,आदित्यपुर से प्रभाषिणी कंडुलिया, चास से अविनाश कुमार, मानगो से संध्या सिंह, गिरिडीह से शैलेन्द्र चौधरी, देवघर से रीता चौरसिया और पलामू से अरूणा शंकर पार्टी के समर्थित प्रत्याशी होंगे, जबकि कांग्रेस ने रांची नगर निगम से रमा खलखो को समर्थन देने की घोषणा की है। इधर धनबाद के पूर्व मेयर चंन्द्रशेखर अग्रवाल ने झामुमो का दामन थाम लिया है।

**********************

रांची नगर निगम के महापौर पद के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है, जबकि कल पांच अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदे। इस तरह महापौर पद के लिए 21 पर्चो की बिक्री हो चुकी है। वहीं, 53 वार्डो से कुल 94 प्रत्याशी पर्चा भर चुके हैं, जिनमें 65 महिलाएं हैं। दूसरी तरफ, बुण्डू नगर पंचायत में पार्षद पद के लिए कुल 11 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने हेमंत सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई है।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी की दूसरी सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच तेज कर दी है। ईडी ने इस सिलसिले में सीबीआई की ओर से आरोपित 28 अधिकारियों से विस्तृत जानकारी मांगी है, जिसमें घोषित संपत्ति का विवरण भी देने को कहा गया है।

सीबीआई में नियुक्ति  घोटाले की जांच के बाद 60 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इसमें जेपीएससी के छह अधिकारी, 28 परीक्षार्थी और 25 परीक्षक शामिल थे।

**********************

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 5 फरवरी को दोपहर बाद दो बजे से झारखंड मंत्रालय में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना है।

**********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल, जैक की मैट्रिक बोर्ड और इंटर  परीक्षा आज से शुरू हो रही है। इन दोनों परीक्षाओं में लगभग 7 लाख 48 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे । इसके लिए राज्यभर में एक हजार नौ सौ नवासी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 17 फरवरी तक चलने वाली मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा पहली पाली में और 23 फरवरी तक इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरी पाली में होगी। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**********************

जामताड़ा जिले के फतेहपुर प्रखंड में मनरेगा दिवस के अवसर पर कार्यशाला और जागरुकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने विकसित भारत– जी राम जी में किए गए नए प्रावधानों की खूबियों से मजदूरों को अवगत कराया।

**********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कांटाटोली–सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय बनाकर भू–अर्जन, यातायात प्रबंधन, यूटिलिटी शिफ्टिंग और भवन हटाने से संबंधित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया।

**********************

सड़क सुरक्षा माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को  लेकर  राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जमशेदपुर को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार में मंत्री दीपक बिरुवा ने जमशेदपुर जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीश्रक को सम्मानित किया. जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस उपलब्धि के लिए परिवहन कार्यालय के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई दी है।

**********************

गोड्डा जिला पुलिस ने सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के  घटियारी गांव में अवैध शराब निर्माण भट्ठी का खुलासा किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, ब्रांडेड शराब कंपनियों की बोतलें, झारखंड सरकार का नकली लोगो और शऱाब निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों को बरामद किया है।

**********************

रणजी ट्रॉफी में नॉकआउट मुकाबले का शेड्यूल तय हो गया है। इसके तहत अपने ग्रुप में सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली झारखंड टीम का सामना क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड से होगा। यह मैच जमशेदपुर में छह फरवरी से खेला जाएगा। वहीं अंतिम आठ में  मध्य प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, मुंबई और कर्नाटक ने जगह बनाई है।

**********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ वार के खत्म होने और निकाय चुनाव से संबंधित खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– झारखंड में सात हजार पांच सौ छत्तीस करोड़ से रेलवे को रफ्तार, दो अमृत भारत ट्रेन मिलेगी।

प्रभात खबर की सुर्खी है दिसंबर में नियुक्त हुए और जनवरी में रिटायर हो गये मास्टर साहेब, वेतन तक नहीं उठा पाये।

दैनिक भास्कर लिखता है– सरकारी अस्पताल स्वास्थ्य केन्द्रों में पांच साल तक के बच्चों का बनेगा आधार।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है किसी भी सूरत में झारखंड के साथ नहीं होने देंगे अन्याय।

*********समाप्त*************